NEW ZEALAND IMMIGRATION

# न्यूज़ीलैंड में गर्मियों की छुट्टियां बिताने की योजना बना रहे हैं?

## भीड़ से बचें और **विज़िटर (आगंतुक) वीसा** के लिए अभी से आवेदन करें।

विज़िटर वीसा के लिए अब आवेदन करने का मतलब होगा कि हम आपके आवेदन पर जल्द ही फैसला करेंगे, और आप अपनी उड़ानों, आवास और अपनी बाकी यात्रा को विश्वास के साथ बुक कर सकेंगे।

आपका आवेदन सुचारू रूप से संसाधित हो, यह सुनिश्चित करने में मदद के लिए इन आसान युक्तियों का पालन करें:

- **जांच करें कि क्या आपको वीसा की जरूरत है।** वीसा से छूट वाले देशों के लोग इसके बजाय NZeTA (इलेक्ट्रॉनिक ट्रैवल अथॉरिटी) का अनुरोध कर सकते हैं। ये दो साल तक लागू रहते हैं, अतः इनके लिए भी जल्दी आवेदन करना उचित है।
- **सुनिश्चित करें कि आपका पासपोर्ट अप-टू-डेट (अद्यतन) है।** इसकी समाप्ति आपके न्यूज़ीलैंड छोड़ने के कम से कम छह महीने बाद होनी चाहिए। यह आपके साथ यात्रा करने वालों पर भी लागू होता है। अपने आवेदन में अपनी फोटो और नाम के साथ वाले अपने पासपोर्ट के पृष्ठ की एक स्पष्ट, स्कैन की गई प्रति शामिल करें।
- **अपने आवेदनों में एक स्वीकार्य फ़ोटो शामिल करें।** यदि आप हमारी आवश्यकताओं को पूरा करने वाली फ़ोटो शामिल नहीं करते हैं तो आपके आवेदन को प्रोसेस (संसाधित) करने में अधिक समय लगेगा।
- **आवेदन** करते समय अपने नाम, पासपोर्ट नंबर और जन्म तिथि सहित अपने सभी विवरणों की दोबारा जाँच करें। यदि इनमें कोई गलती हो जाती है, आपके वीसा का आपके पासपोर्ट से मेल नहीं होगा और आपको अपने विमान पर जाने की अनुमति नहीं दी जायेगी।
- **यह दिखाने के लिए भरपूर विवरण शामिल करें कि आप यात्रा करने और उसके बाद वास्तव में घर लौटने का इरादा रखते हैं**, जैसे कि स्वदेश में आपके मजबूत संबंधों के सबूत, न्यूज़ीलैंड जाने के आपके कारण और यह कि आपके पास अपनी यात्रा और घर वापस यात्रा के लिए पर्याप्त धन है।
- आपको अपने आवेदन के साथ उन सभी दस्तावेजों का अंग्रेजी अनुवाद उपलब्ध कराना होगा जो पहले से अंग्रेजी में नहीं हैं।
- **जल्दी आवेदन करें।** 2024 में देरी से किए जाने वाले आवेदनों की भीड़ से बचें और अभी से आवेदन करें।

अधिक जानकारी लें और immigration.govt.nz/visit पर आवेदन करें

MINISTRY OF BUSINESS, INNOVATION & EMPLOYMENT
HĪKINA WHAKATUTUKI

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government

INZ 11369 09/24

11369 INZ Planning a Summer Vacation A4 Poster HINDI SEP24 v1.indd 1 04/09/2024 9:19 AM